हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
8 अगस्त 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत एक करोड़, 21 लाख लोगों को रोज़गार मिला।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने UPI के माध्यम से कर भुगतान की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की ।
रेपो रेट 6.5 प्रतिशत ही रहेगा ।
- हरियाणा सरकार ने कॉमन कैडर के कर्मचारियों को नियुक्ति देने का फैसला किया, आउटसोर्स और हरियाणा कौशल रोज़गार निगम के कर्मचारियों को अन्य पदों पर नियुक्त करने के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष को अधिकृत किया गया।
- पेरिस ओलम्पिक में भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने अल्बानिया के पहलवान को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।
नीरज चोपड़ा अपना ख़िताब बरक़रार रखने के लिए देर रात मैदान में उतरेंगे।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार रोजगार सृजन के लिए 15 योजनाएं चला रही है। इसके परिणामस्वरूप, बेरोजगारी दर छः प्रतिशत से घटकर अब 3.2 प्रतिशत रह गई है।श्री मांडविया ने कहा कि 2016 में योजना शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत एक करोड़, 21 लाख लोगों को रोज़गार मिला है। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत 18 करोड़, 29 लाख रुपये के ऋण स्वीकृत किये गये और 49 करोड़ लोगों को मदद मिली है।

भारतीय रिज़र्व बैंक चालू वित्त वर्ष के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी वृद्धि पूर्वानुमान को 7.2 प्रतिशत पर यथावत रखा है, जबकि
मौद्रिक नीति समिति ने छह में से चार सदस्यों के बहुमत से रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति मोटे तौर पर गिरावट की राह पर है, तीसरी तिमाही में आधार प्रभाव का पर्याप्त लाभ समग्र मुद्रास्फीति को नीचे खींच सकता है। उन्होंने कहा कि मूल्य स्थिरता के बिना ऊंची वृद्धि बरकरार नहीं रखी जा सकती है।RBI के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैंकों को सतर्क रहने की चेतावनी देते हुए कहा कि जमा में गिरावट से बैंकों को संरचनात्मक तरलता संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए उन्होंने बैंकों से नवीन उत्पादों और सेवा पेशकशों के माध्यम से और अपने विशाल शाखा नेटवर्क का पूरा लाभ उठाकर घरेलू वित्तीय बचत जुटाने पर अधिक ध्यान देने को कहा। श्री दास ने टॉप-अप होम लोन के बढ़ते वितरण पर भी चिंता व्यक्त की और ऋणदाताओं से सुधारात्मक कार्रवाई करने को कहा।भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर ने पांच अतिरिक्त उपायों की भी घोषणा की। आरबीआई ने इस क्षेत्र में अनाधिकृत खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए डिजिटल ऋण देने वाले ऐप्स का एक सार्वजनिक भंडार बनाने का प्रस्ताव दिया है।रिज़र्व बैंक ने यूपीआई के माध्यम से कर भुगतान की सीमा भी एक लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी है।भारतीय रिज़र्व बैंक ने कहा कि उधारकर्ताओं को अपनी क्रेडिट जानकारी के तेज़ अपडेट से लाभ होगा। इसमें चेक के समाशोधन चक्र को वर्तमान दो कार्य दिवसों से कम करने का भी प्रस्ताव दिया गया है।

हरियाणा सरकार ने कॉमन कैडर के समूह ग के कर्मचारियों के भर्ती होने के परिणामस्वरूप उस पद के समक्ष पहले से लगे हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा नियुक्त या आउटसोर्स कर्मचारियों को किसी अन्य उपयुक्त रिक्त पद पर फिर से नियुक्त करने के लिए सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को अधिकृत किया है।मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को लिखे एक पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार ने नए भर्ती हुए कॉमन कैडर समूह ग कर्मचारियों को जिलेवार पद आवंटित करने का निर्णय लिया है। ऐसे में यदि नए कर्मचारियों की नियुक्ति के कारण किसी कौशल रोजगार निगम के या आउटसोर्स कर्मचारी को हटाया जाता है, तो विभागाध्यक्ष को ऐसे कर्मचारी को किसी अन्य उपयुक्त पद पर रखने की अनुमति होगी।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार हरियाणा विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणीकरण एवं मीडिया समन्वय समिति गठित की गई है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती हेमा शर्मा समिति की अध्यक्ष होंगी जबकि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मोहम्मद शाईन, केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ की उपनिदेशक संगीता जोशी तथा हारट्रोन के सहायक महाप्रबंधक अरुण बंसल इस समिति के सदस्य होंगे।

पेरिस ओलम्पिक में भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने पुरुषों की 57 किलोग्राम भार वर्ग स्पर्धा में अल्बानिया के ज़ेलिमखान अबकारोव को 12-0 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उनकी जीत से कुश्ती में भारत के लिए पदक की उम्मीद बंध गई है।

वहीं भाला फेंक खिलाडी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा रात 11 बजकर, 55 मिनट पर अपना ख़िताब बरक़रार रखने के लिए मैदान में उतरेंगे।

जय हिन्द सेना के अध्यक्ष नवीन जयहिंद ने पहलवान विनेश फौगाट को ओलम्पिक में अयोग्य करार दिए जाने पर दुख जताया है । जयहिंद ने विनेश फोगाट द्वारा संन्यास की घोषणा पर कहा कि हो सकता है उस ने यह फैसला भावनाओं में बहकर लिया हो ,उन्हे अपने निर्णय पर दोबारा सोचना चाहिए ।जयहिंद ने कहा कि राजनीतिक लोग विनेश फोगाट को राजनीतिक हथियार न बनाए। पार्टियों को राजनीति करनी है तो किसी खिलाड़ी पर नहीं , अपने दम पर करे ।इसी बीच उन्होंने जयहिंद सेना की तरफ से विनेश फोगाट को देसी घी का पीपा और एक लाख रुपए देने की घोषणा की । और हरियाणा के विधायकों और सांसदों से अपनी एक महीने की तनख्वाह विनेश फोगाट को देने का अनुरोध किया ताकि विनेश को ये न लगे कि वो अकेली है। जयहिंद ने मनु भाकर और नीरज चोपड़ा को भारत रत्न देने की सिफारिश करने की मांग भी की।

हरियाणा में 11 से 14 अगस्त तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। कैथल से विधायक लीलाराम ने आज अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से इस बारे विचार विमर्श के बाद कहा है कि कैथल क्षेत्र में 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। विधायक ने बताया कि तिरंगा यात्रा शहर के सेक्टर 21 में जिमखाना क्लब से शुरू करके विश्वकर्मा चौक, आर के एस डी कॉलेज, पिहोवा चौक, आईजी कॉलेज, जाट स्कूल, लघु सचिवालय, ढांड रोड पर महाराजा पैलेस से होते हुए लाला चरण दास मार्ग पर समाप्त होगी। विधायक ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों के अंदर देशभक्ति की भावना का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि कैथल हल्के की तिरंगा यात्रा बहुत ही भव्य तरीके से निकाली जाएगी।

..............................................................................

..............................................................................

कैथल की अतिरिक्त जिलाधीश सी. जया श्रद्धा ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिले में चाइना डोर की पतंगबाजी के लिए खरीद-बिक्री, भंडारण और इसके के उपयोग पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश जिला में 30 सितंबर तक लागू रहेंगे। प्रशासन ने कहा है कि पतंग उडाने के लिए चाइनीज डोर तथा सिंथैटिक माँझे का उपयोग घातक होता है। यह हादसों का कारण बनता है। अतिरिक्त उपयुक्त ने सभी उप मंडल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में इन आदेशों पालना करवाना सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि आदेशों की उलंघना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

..............................................................................

*********************************************************************

..............................................................................

पलवल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर होने वाली पतंग और मांझे की बिक्री से पहले चाइनीज मांझे के खिलाफ विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत उप मण्डल अधिकारी नरेंद्र कुमार ने अपनी टीम के साथ गुप्ता गंज, पैंठ मोहल्ला, कैंप मार्केट सहित विभिन्न स्थानों पर पतंग और मांझा की दुकानों पर छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने करीब डेढ दर्जन से अधिक दुकानों पर लगभग 46 चाइनीज मांझे के बंडल जब्त किए।उन्होंने बताया कि इस प्रकार के जानलेवा और पशु पक्षियों को घायल करने वाले मांझे राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेशों के अनुसार पूरी तरह से प्रतिबंधित है। यदि कोई दुकानदार चाइनीज मांझे को बेचता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।उपमंडल अधिकारी ने आमजन से भी आह्वान किया कि यदि कोई चाइनीज मांझा बेच

रहा है, तो वे इसकी सूचना प्रशासन को  को दे ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा सके। उन्होंने दुकानदारों से भी अपील की है कि वे चाइनीज मांझा की बिक्री न करें।